nt>

Title: Need to take steps to check the law and order situation in Madhya Pradesh.

श्री अशोक अर्गल : सभापति महोदय, मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रही है। वहां डाकू पुनः पनप रहे हैं। सन १९७२ में जहां ४०० डाकुओं ने सरैंडर किया था परन्तु आज वहां डकैतों की संख्या में दिन-दूनी रात-चौगुनी वृद्धि हो रही है। हाल ही में मेरे बावरखेड़ा गांव में तीन लोगों की हत्या कर दी गई, उनके परिवार के तीन लोग घायल हैं। मुरैना जहां जब चाहे हत्या कर दी जाती है। शहर से दो व्यपारियों की लूट हो गई लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा

किसी भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वहां कानून-व्यवस्था ठीक करने हेतु विशेष उपाय किए जाएं।